तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस संख्या 2025/1563 रामदेवा बनाम भगवान सिंह व अन्य	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.02.2026	पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। वकील अपीलांट ने आवेदन अपील विड्रो करने प्रस्तुत किया। शा.फा.हो। वकील अपीलार्थी श्री सीताराम शर्मा ने प्रार्थना पत्र विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया है कि उपरोक्त अपील में अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्ट के मध्य आपसी सहमति जरिए रजिस्टर्ड सहमति पत्र हो गया है। जिसे दोनो पक्षकार स्वीकार करते हुए उक्त अपील को आगे चलाना नहीं चाहते हैं। रजिस्टर्ड सहमति पत्र दिनांक 19.12.2025 को हो गया है। जिस वजह से अपीलार्थी रामदेव पुत्र मंशाराम उक्त अपील को वापस लेने/विड्रो करना चाहते है। अतः श्रीमान जी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन है कि उक्त अपील को विड्रो करने की स्वीकृति प्रदान फरमायी जाने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से प्रार्थी स्वंय ही अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता हैं। वकील रेस्पोडेन्ट ने अपनी सहमति प्रदान की गयी। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थी के पहचान को तस्दीक किया गया। अतः अपीलार्थी का प्रा. पत्र विड्रो स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थी स्वंय अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (दीप्ति कछवाहा) अति. संभागीय आयुक्त जयपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	रामदेव भगवान सिंह सीताराम शर्मा 4/2/2026